# हरियाणा विधान सभा

**(28 दिसंबर, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)**

**अतारांकित प्रश्न**

## 28 दिसंबर, 2022

----

**कुल प्रश्न** - 30

----

**आवारा कुत्तों की नसबंदी का ब्यौरा**

81 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में वर्ष 2014 से 30 अक्टूबर 2022 के दौरान सरकार द्वारा कितने आवारा कुत्तों की नसबंदी की गई तथा उन पर कितनी राशि खर्च हुई तथा उसका जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि आवारा कुत्तों की नसबंदी से पहले पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के अनुसरण में सरकार द्वारा एक समिति गठित की जानी थी; यदि हां तो, उक्त समिति किस तिथि को गठित की गई तथा इसके सदस्यों का ब्यौरा क्या है तथा उसका जिलेवार ब्यौरा क्या है;

(ग) उन अधिकारियों के नाम क्या हैं जिन्होंने उपरोक्त अवधि के दौरान नसबंदी की फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं तथा उन अधिकारियों के नाम क्या हैं जिन्होंने नसबंदी के लिए अदायगी की फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं तथा उनका जिलावार ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या कुत्तों की नसबंदी के संबंध में उपरोक्त अवधि के दौरान किसी जिले में सरकार द्वारा कोई अनियमितताएं पाई गई हैं; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है तथा उसका जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को जोड़ना

82 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या आगरा जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 44 को सोहना वाया बल्लभगढ़ गांव पाली तथा धौज के साथ जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

## गौंची ड्रेन में गंदे पानी छोड़ने पर रोक लगाना

83 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या गौंची ड्रेन का नवीनीकरण करने तथा उपरोक्त ड्रेन में गंदा पानी छोड़ने पर रोक लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि मुजेसर शमशान की ओर गौंची ड्रेन के साथ लगती सड़क पर कचरा गिराया जा रहा है तथा उक्त सड़क यातायात के लिए बंद हो गई है; यदि हां, तो उक्त सड़क को यातायात के लिए कब तक खोले जाने की संभावना है तथा उपरोक्त सड़क के निर्माण के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि खर्च की गई है?

----

## नई तहसीलों, उप तहसीलों तथा उप मंडलों से संबंधित ब्यौरा

84 **श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) वर्ष 2019 से 2022 तक राज्य में सरकार द्वारा घोषित की गई नई तहसीलों, उप तहसीलों तथा उप मंडलों की संख्या कितनी है तथा उन जिलों के नाम क्या हैं जिनमें सरकार द्वारा नई तहसीलें, उप तहसीलें तथा उपमंडल घोषित किए जाने की संभावना है तथा उनका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) एन.आई.टी फरीदाबाद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में नई तहसील, उप तहसील विकसित करने के मेरे प्रस्ताव पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## अन्य राज्यों की महिलाओं को आरक्षण

85 **श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि हरियाणा के आस-पास के राज्यों की अनुसूचित जातियों/पिछड़े वर्गों से संबंधित महिलाओं को आरक्षण तथा हरियाणा में विवाह करने के बाद किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है जबकि उनके नाम विभिन्न प्रमाण-पत्रों जैसेः जाति, निवास स्थान तथा परिवार पहचान पत्र में भी सरकार द्वारा सम्मिलित किए जा रहे हैं; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; तथा

(ख) क्या उपरोक्त महिलाओं को आरक्षण का लाभ देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## रेत का अवैध खनन

**86 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या खनन एवं भू विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव गोयला कलां, सिलाना, उखलचना (कोट) की पंचायती भूमि पर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त अवैध खनन को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सड़कों का निर्माण करना

**87 डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि जींद शहर में सैक्टर 6,7,8 तथा 9 की सड़कें बुरी अवस्था में हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त सड़कों के कब तक मरम्मत/निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## नगर परिषद के नए कार्यालय भवन का निर्माण करना

**88 श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या कालका नगर परिषद के लिए नए कार्यालय भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है तथा उसकी अवस्थिति क्या है ?

----

## योग शिक्षक नियुक्त करना

**89 श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या खेल-कूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निर्मित व्यायामशालाओं में सरकार द्वारा योग शिक्षक अब तक नियुक्त नहीं किए गए हैं; यदि हां, तो देरी के कारण क्या हैं तथा उपरोक्त व्यायामशालाओं में योग शिक्षक कब तक नियुक्त किए जाने की संभावना है ?

----

## अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र चालू करना

90 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि रायपुर रानी खण्ड में गांव त्रिलोकपुर, खेरवाली-पारवाला तथा भरेली में निर्मित अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र अभी तक चालू नहीं हुए हैं; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा इनके कब तक चालू किए जाने की संभावना है ?

----

## अपशिष्ट पदार्थों के लिए डपिंग ग्राउंड उपलब्ध करवाना

91 **श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगें कि क्या कालका नगर परिषद के अपशिष्ट पदार्थों को गिराने के लिए डंपिग ग्राउंड उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## विकलांग बच्चों को शिक्षा

92 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में विकलांग छात्रों के लिए शिक्षा प्रणाली सुलभ नहीं है तथा कम विकलांगता से मध्यम विकलांगता वाले बच्चों को आमतौर पर शिक्षा से वंचित रखा जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो राज्य में गत 5 वर्षों के दौरान विकलांग छात्रों के लिए प्रशिक्षित शिक्षक तथा सुलभ विद्यालय बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा इसके लिए सरकार द्वारा कितना अनुदान आबंटित किया गया है?

----

## विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना

93 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) राज्य में तथा गुरुग्राम जिले में उन राजकीय विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है जिनमें आज तक पर्याप्त पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं नहीं है तथा उसका ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उपरोक्त सभी विद्यालयों में पेयजल तथा स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार द्वारा कोई समय सीमा लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं; तथा
(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उपरोक्त उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा कितनी निधियां निर्धारित की गई हैं?

----

## ई श्रम कार्ड लिंक करना

94 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या राज्य में श्रमिकों को अधिक कुशल लाभ प्रदान करने के लिए श्रम कार्डों को अन्य कारणों जैसे 'वन नेशन वन राशन' कार्ड से जोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## बाल सुरक्षा मानदंडों का पालन करना

95 **श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सरकार ने उन विद्यालयों के लिए कोई नियम बनाए हैं जो राज्य में बाल सुरक्षा मानदंडों की पालना नहीं कर रहे हैं; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## नगरपालिका बराड़ा में खरीद

96 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या नगरपालिका बराड़ा द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान कोटेशन (एक लाख रूपये तथा उससे अधिक) के आधार पर तथा काम के बंटवारे के आधार पर की गई खरीद सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार है; यदि नहीं, तो दोषियों के विरूद्व सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की गई तथा क्या कार्यवाई किए जाने की संभावना है?

----

## सड़कों को बेसहारा/परित्यक्त पशओं से मुक्त करना

97 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि सड़कों को बेसहारा/ परित्यक्त मवेशियों से मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की गई तथा उपरोक्त कार्य

कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## अधिकारियों के विरूद्ध लंबित मामले

98 **श्री वरुण चौधरी ( मुल्लाना):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि उन मामलों का ब्यौरा क्या है जिनमें मुख्य सचिव कार्यालय में अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कारवाई लम्बित है तथा उन अधिकारियों के नाम क्या हैं तथा कब से विलंबित है?

----

## इंडोर स्टेडियम का निर्माण करना

99 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पूर्णतः वातानुकूलित इनडोर स्टेडियम का निर्माण माननीय मुख्यमंत्री की घोषणा कोड संख्या 11176 के अनुसार किया जा रहा है जिसके लिए पत्र संख्या 59969 दिनांक 29.4.2020 को मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी (बी एंड आर) विभाग हरियाणा द्वारा प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, खेल और युवा मामले विभाग को भेजा गया था; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त नियम का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाना

100 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर की कालोनियों अर्थात शेखपुरा कॉलोनी, झाबर नगर कॉलोनी, श्याम नगर कॉलोनी, देव नगर कॉलोनी तथा तुहीराम कॉलोनी में लगभग 10 से 12 फीट गहरी पेयजल आपूर्ति पाइप लाइने बिछाई गई हैं जिसके कारण लीकेज के समय मरम्मत कार्य नहीं हो पाता तथा लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कॉलोनियों में नई पाईप लाइन बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## सीवरेज लाइन की मरम्मत करना

101 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के कमेटी चौक से माइनर गेट तक की सीवरेज लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सीवरेज लाइन की मरम्मत के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

----

## जन स्वास्थ्य विभाग पलवल के माध्यम से कार्यों का निष्पादन करना

102 **श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि रेवाड़ी जी डब्ल्यू आई मैकेनिकल डिवीजन द्वारा पलवल विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में नए ट्यूबवैलज तथा ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जा रहा है तथा उक्त कार्य समय पर नहीं किए जा रहे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पलवल के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपरोक्त कार्यों को निष्पादित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## सफाई कर्मचारियों तथा चौकीदारों का ब्यौरा

103 **श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि एचएसवीपी के बागवानी विभाग के अंतर्गत भिवानी शहर के चौधरी बंसीलाल पार्क , बीडी गुप्ता पार्क तथा ठाकुर वीर सिंह पार्क में नियुक्त सफाई कर्मचारियों तथा चौकीदारों का ब्यौरा क्या है?

----

## निर्माण कार्यों को पूरा करना

104 **श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि भिवानी में जिमखाना क्लब, हुड्डा भवन तथा वृद्ध आश्रम के निर्माण कार्यों के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सड़क का निर्माण करना

105 **श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी जिले में गांव धानी जंगा से झारवाइ तक सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त सड़क के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## चारमार्गी सड़क का निर्माण

106 **श्री घनश्याम सराफ ( भिवानी):**

क्या उपमुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी के महल गेट से चांग की हवाई पट्टी तक चारमार्गीय सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सीवरेज प्रणाली तथा पेयजल से संबंधित समस्याएं

107 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि दादरी शहर में ठप सीवरेज प्रणाली, दूषित पानी की निकासी के कुप्रबंधन और दूषित पेयजल की आपूर्ति की बड़ी समस्याएं हैं; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्याओं का स्थाई समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका ब्यौरा क्या है?

----

## पक्के घरों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना

108 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या दादरी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए पक्के घर निर्मित करने लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त वित्तीय सहायता कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## 25 किलोवाट ट्रांसफॉर्मर की कमी को दूर करना

109 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह सत्य है कि दादरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के खेतों के लिए 25 केवी की कमी काफी समय से है; तथा
(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा उक्त कमी को कब तक दूर किए जाने के संभावना है?

----

## गांवों को लालडोरा मुक्त करना

110 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि बाढ़डा निर्वाचनक्षेत्र के गांव माई कलां तथा टोड़ह को लालडोरा मुक्त करने की योजना के दौरान आई कमियों को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**

**दिनांक 28 दिसंबर, 2022.** **सचिव**